राज्यपाल की भूमिका अनुच्छेद 159 की शपथ में निर्धारित की गई है। जिसका मूल संविधान और कानून का संरक्षण सुरक्षा और बचाव करना है। जो अनुच्छेद 60 में भारत के राष्ट्रपति के लिए निर्धारित शपथ के समान है वही मंत्रिमंडल के मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों के संवैधानिक पदाधिकारियों के लिए निर्धारित पद की शपथ "सच्ची आस्था रखने और संविधान के प्रति निष्ठा रखने" पर केंद्रित है। जिसे तुलनात्मक रूप से कुछ हद तक निष्क्रिय स्थिति का प्रतिनिधित्व करते हुए देखा जा सकता है। प्रावधानों के अनुरूप चलना या बने रहना अंतर अत्यंत सूक्ष्म है, लेकिन राज्य में केवल एक ही व्यक्ति संविधान के संरक्षण, सुरक्षा और बचाव के लिए पद की शपथ से बंधा है और वह है राज्यपाल। शपथ की ऐसी शब्दावली एक हद तक संविधान निर्माताओं के दिमाग और इरादों को उजागर करती जिन्होंने संवैधानिक प्रमुख के लिए कहीं अधिक व्यापक भूमिका की परिकल्पना की होगी।[4] लेकिन वास्तविकता इससे कुछ अलग ही नजर आती है। शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि राज्यपाल केवल सीएम की अध्यक्षता वाली मंत्री परिषद की सहायता और सलाह के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य। साथ ही अनुच्छेद 154 (1) या स्पष्ट करता है कि राज्य की कार्यकारी शक्ति राज्यपाल में निहित है, लेकिन वह इसका प्रयोग संविधान के अनुसार करेगा। हाल ही की बात है कि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केरल राज्य के सरकार के बीच एक विवाद उत्पन्न हुआ। राज्यपाल महोदय ने राज्य के वित्त मंत्री के० एन० बाल गोपाल की टिप्पणी को और देशद्रोही, राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली और क्षेत्रवाद को प्रायोजित करने वाली मानते हैं। लेकिन सीएम पी० विजयन ने इस मांग को खारिज कर दिया है।[5] मानो ऐसा प्रतीत होता है की शासन व्यवस्था में राज्यपाल सर्वोच्च पद पर आसीन होने के बाद भी उसके आदेशों को खारिज करना सोचनीय विषय है। इसको हल्का में लेना राज्यपाल के विवेकाधीन अधिकार का हनन है। जिसको उनके मंत्रिमंडल के वरिष्ठ मंत्रियों द्वारा किया जाए यह न्यायोचित नजर नहीं आता। यहां पर राज्यपाल के गरिमा एवं कानून को सम्मान करते हुए बड़बोले मंत्री पर करवाई करने की आवश्यकता थी। जिससे प्रशासनिक प्रोटोकॉल बरकरार रह सके।[6]

हाल के महीनों में राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच रिश्ते और भी तल्ख होते जा रहे हैं। एक दूसरा मामला महाराष्ट्र राज्य सरकार और वहां के राज्यपाल भगत सिंह कोश्योरी के बीच का जिसमें यह प्रदर्शित करने का प्रयास किया कि कैसे एक राज्यपाल अपने विशेषाधिकार का उपयोग कर राज्य सरकार में उथल-पुथल उत्पन्न कर देता है। महाराष्ट्र के मामले में यह अत्यधिक विवादित हैं कि राज्यपाल ने मूल शिवसेना पार्टी से अलग हुए गुटके एक विवादित नेता श्री एकनाथ शिंदे को उनके नेतृत्व की संवैधानिक स्थिति का पता लगाए बिना सीएम पद की शपथ लेने की अनुमति कैसे दी। श्री उद्धव ठाकरे भी अपने साथ दो तिहाई बहुमत होने का दावा कर रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि किस संवैधानिक आधार पर वह किसी भी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ विलय किये बिना अपने गुट को प्रमाणित कर सकते हैं। संविधान की दसवीं अनुसूची के अनुसार विलय एक प्राथमिक आवश्यकता है। यहां यह बात अप्रासंगिक है कि आपके साथ दो तिहाई या तीन चौथाई बहुमत है। यदि ऐसा नहीं है तो दलबदल और सत्ता संघर्ष में खरीद-फरोख्त की प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए डाली गई दसवीं अनुसूची की क्या व्याख्या?[7]

अभी सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे के कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। चुकी मामला अभी अदालत में है इसलिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय संविधान के प्रावधानों का अंतिम व्याख्याता हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर जो फैसला सुनाएगा वह भविष्य में ऐसी परिस्थितियों के लिए उदाहरण बन जाएगा। लेकिन वर्तमान परिस्थिति में राज्यपाल भगत सिंह को कोश्योरी ने उन पंक्तियों की व्याख्या की है जो संवैधानिक दस्तावेजों में नहीं लिखी गई है।

राज्यपालों पर अक्सर सवाल उठाए जाते हैं की हुए अधिक समय तक विधेयक को लटकाए रहते हैं ऐसा उन राज्यों में ज्यादा देखने को मिलता है जहां केंद्र और राज्य की सरकारी अलग-अलग पार्टियों की हैं यदि हम पिछले वर्ष के आंकड़े देखते हैं तो राज्यपालों ने 57% विधायकों को 1 महीने के भीतर मंजूरी दी है कुछ मामलों में तो 10 दिन के

भीतर भी राज्यपालों ने विधेयक को मंजूरी दी है लेकिन ऐसे भी मामले हैं जिसमें 6 महीने तक का समय लगा खासकर उन राज्यों में जहां गैर भाजपा सरकार हैं यहां औसतन 2 से 6 महीने तक का समय लग रहा है।

राज्य और केंद्र के मध्य राज्यपाल के विवादास्पद मामला में तमिलनाडु विधानसभा एक कदम आगे बढ़कर गत अप्रैल माह में एक प्रस्ताव पारित कर दिया, जिसमें कहा गया कि राज्यपाल को एक निश्चित समय में विधानसभा द्वारा पारित वीलो को मंजूरी दे देनी चाहिए।

सांसद या विधानसभा में पारित विधेयक राष्ट्रपति या राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद ही कानून बनता है। संसद या विधानसभा कितने भी विधेयक क्यों न पारित कर लें, लेकिन अगर उन्हें राष्ट्रपति या राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी तो यह किसी काम के नहीं होते, संविधान में राज्यपालों को अधिकार है कि वह मंजूरी के लिए भेजे गए विधानसभा से पारित बिलो को मंजूरी दे सकते हैं या विधेयक को पुनर्विचार के लिए वापस भेज राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए भी रख सकते हैं। नियम तो या अभी कहता है कि अगर राज्यपाल ने एक बार किसी विधेयक को पुनर्विचार के लिए वापस लौटाया तो अगर दूसरी बार वही विधेयक फिर से पास होकर मंजूरी के लिए आता है तो राज्यपाल को उसे मंजूरी देनी पड़ती है। कई बार राज्यपालों पर विधेयक को लंबे समय तक रोके रखने के भी आरोप लगते। कुछ मामलों में तो विवाद कोर्ट तक पहुंच जाता है।

तेलंगाना सरकार ने राज्यपाल द्वारा विधायकों को लटकाए रखने पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कोर्ट में केस जाने के बाद राज्यपाल ने लंबित विधेयकों को मंजूरी दी थी। इसका कारण है कि संविधान में राज्यपालों को किसी विधेयक पर मंजूरी देने की कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।

2022 के० पी० आर ० एस० लेजिस्लेटिव रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक राज्य विधान सभाओं द्वारा पारित 57 प्रतिशत विधेयकों को राज्यपालों ने एक महीने के अंदर मंजूरी दी थी। इसे तर्कसंगत समय कहा जा सकता है। 31.03 प्रतिशत विधेयकों को मंजूरी मिलने में दो महीने से ज्यादा समय लगे। कुछ मामले ऐसे भी हैं जहां राज्यपाल की मंजूरी में औसतन बहुत ही कम समय लगा।

3- अनुच्छेद 356 के संबंध में विवाद:-

हमेशा से राज्य सरकारों द्वारा धारा 356 के संबंध में विवाद उत्पन्न होते रहा है, कि राज्यपाल इस अस्त्र का उपयोग अपने स्वविवेक कहे या केंद्र के विपरीत सरकार के इशारों का परिणाम जो कि राज्यपाल के हाथों कराया जाता है। इस संदर्भ में पूंछी आयोग ने अनुच्छेद 355 और 356 में संशोधन करने की सिफारिश की थी।[8] सरकारिया आयोग (1988) सिफारिश की थी अनुच्छेद 356 का उपयोग बहुत ही दुर्लभ मामलों में विवेकपूर्ण तरीके से ऐसी स्थिति में किया जाना चाहिए कि जब राज्य में संवैधानिक तंत्र को बहाल करना अपरिहार्य हो गया हो। [9]

इसके अलावा और आयोगों ने इस विषय में रोचक सिफारिशें की जिस में प्रशासनिक सुधार आयोग (1968), राजमन्नार समिति (1971), और न्यायमूर्ति वी० चेलैया आयोग (2002) आदि ने भी इस संबंध में सिफारिशें की है।

एस० आर० बोल्लई मामला (1994) के मामले में ध्यान देने से मिलता है, कि अनुच्छेद 356 के मामले के तहत केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों की मनमानी बर्खास्तगी को समाप्त कर दिया गया है।[10] इस निर्णय के मुताबिक विधानसभा ही एक मात्र ऐसा मंच है, तत्कालीन सरकार के बहुमत का परीक्षण करना चाहिए, न की राज्यपाल की व्यक्तिपरक राय के आधार पर।

4- सुझाव:-

वर्तमान राजनीति में राज्यपाल की विवादास्पद भूमिका पर हमने जो अपने विवेक के अनुसार जो उचित सुझाव हमने पाया वो निम्न वत हो सकता है।

1) राज्यपाल को सरकार की कार्यप्रणाली चलाने हेतु यह आवश्यक है कि राज्यपाल अपनी विवेकाधीन शक्तियों और व्यक्तिगत निर्णय का उपयोग करते हुए वविवेकपूर्ण निष्पक्ष एवं कुशलता से कार्य करें।
2) राज्यपाल पद के दुरुपयोग को रोकने के लिए भारत में संघीय व्यवस्था को मजबूत करने की प्रबल आवश्यकता है।
3) संघवाद के संबंध में अंतर राज्य परिषद और राज्यसभा की भूमिका को मजबूत किया जाना महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।
4) राज्यपालों की नियुक्ति में राज्य विधायिका के परामर्श को महत्व देना चाहिए। केंद्र तथा राज्य सरकार को आपसी सामंजस्य स्थापित करके चयन करना चाहिए।
5) राज्यपाल के लिए आचार संहिता में कुछ मानदंड और सिद्धांत निर्धारित किए जाने चाहिए जो राज्यपाल के विवेक और उसकी शक्तियों के प्रयोग हेतु मार्गदर्शन कर सके।

5- निष्कर्ष:-

चूंकि राज्यपाल का पद संवैधानिक गरिमामई पद है, इस पद को बरकरार रखने के लिए इसकी शक्ति को कम करना न्यायोचित नहीं होगा। अपितु इसके शक्ति में विद्वान स्वविवेक की शक्ति को राज्यों की विधायिका के ध्यान में रखते हुए संवैधानिक अधिकारों को ध्यान में रखकर करना चाहिए न कि केंद्र सरकार के इशारे पर। चूंकि राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा केंद्र सरकार के परामर्श से की जाती है। उसमें सुधार की आवश्यकता है उस सुधार के साथ राज्यों के सलाह को भी प्राथमिकता देना चाहिए। संघवाद का ध्वजा फहरता रहे इसलिए राज्यपालों की संवैधानिक शक्तियों का विस्तार करना चाहिए जिससे राज्य सरकारें भी नियंत्रण में रह सके। केंद्र और राज्य में विपरीत सरकारों के होने से दोनों के संबंधों में तनाव की स्थिति उत्पन्न होती रहती है इस तनाव के स्थिति में केंद्र सरकारों को राज्यपाल को अपना मोहरा नहीं बनाना चाहिए, अन्यथा विवादास्पद

स्वरूप हमेशा प्रगट होता रहेगा और आगे चलकर राज्य सरकारें अध्यादेश ला ला कर राज्यपाल की शक्तियों को कम करते रहेंगे। अंततः संघवाद का ढांचा ध्वस्त हो जाएगा अतः दोनों ही पक्षों को मनमानी के जगह संवैधानिक अस्त्रों का उपयोग करना चाहिए जिससे विवाद का समन हो सके।

6- संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1) भारतीय संविधान डीडी बसु
2) राज्यपाल की विवादित भूमिका एक बार फिर उजागर, ओम प्रकाश अजाबे, अर्थशास्त्र और राजनीति 2 नवंबर 2022 का एक लेख
3) वही
4) वही
5) राजनीति विज्ञान समग्र अध्ययन, राजेश मिश्रा, पेज 614
6) राज्यपाल की भूमिका संबंधी विवाद दृष्टि आई ए एस दिल्ली का लेख 19 जून 2021
7) वही
8) वही
9) दैनिक जागरण समाचार पत्र 27/06 / 2023
10) वही

International Journal of Advance and Applied Research
www.ijaar.co.in
ISSN – 2347-7075 Impact Factor – 7.328
Peer Reviewed Bi-Monthly
Vol.4 No.22 May-June 2023

"वर्तमान परंपरागत ग्रामीण समाज में अस्पृश्यता के कारण : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन"

प्रोफेसर, आलोक कुमार[1], संदीप निमेष[2]
[1]प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
[2]शोध छात्र, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Corresponding Author- प्रोफेसर, आलोक कुमार
DOI- 10.5281/zenodo.8146303

सारांश

प्रस्तावना– अस्पृश्यता एक समूह को निष्कासित करने की प्रथा है, जो उन्हें सामाजिक प्रथा या कानूनी जनादेश द्वारा मुख्य धारा से विभाजित करके उन्हें अलग करती है। **उद्देश्य–** सूचनादाताओं की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि व परंपरागत ग्रामीण समाज में अस्पृश्यता के कारणों एवं स्वरूपों का अध्ययन करना है। **निष्कर्ष–** अधिकतम 41.50 प्रतिशत उत्तरदाता 41–50 आयु वर्ग से हैं, 79 प्रतिशत उत्तरदाता विवाहित, 88 प्रतिशत उत्तरदाता हिन्दू धर्म के अनुयायी हैं, 62.50 प्रतिशत उत्तरदाता अनुसूचित जाति से हैं, 50.00 प्रतिशत उत्तरदाता इण्टरमीडिएट स्तर तक शिक्षित हैं, 44.50 प्रतिशत उत्तरदाता 10001–15000 रू० मासिक आय वर्ग के है, 69.00 प्रतिशत उत्तरदाता किसी भी संस्था में सामाजिक सहभागिता नहीं करते हैं, 60.00 प्रतिशत जाति को अस्पृश्यता का कारण मानते हैं, 68.00 प्रतिशत भोजन सम्बन्धी निषेधों को बिल्कुल नहीं मानते हैं, 90.00 प्रतिशत सूचनादाताओं का मानना है कि जातिगत व्यवसाय नहीं करना चाहिये, 78.00 प्रतिशत सूचनादाताओं ने बताया है कि जाति प्रथा के कारण अस्पृश्यता को बढ़ावा मिलता है, 83.00 प्रतिशत सूचनादाताओं को धार्मिक स्थानों पर जाने से नहीं रोका जाता है, 81.00 प्रतिशत सूचनादाताओं ने बताया है कि निम्न और उच्च जातियों में अस्पृश्यता पायी जाती है तथा 76.00 प्रतिशत सूचनादाताओं ने बताया है कि अस्पृश्यता को सामान्य जाति अधिक मानती है।

कुंजी शब्दः ग्रामीण समाज, अस्पृश्यता, अस्पृश्यता कारण एवं निवारण

1. प्रस्तावनाः–

अस्पृश्यता एक समूह को निष्कासित करने की प्रथा है, जो उन्हें सामाजिक प्रथा या कानूनी जनादेश द्वारा मुख्य धारा से विभाजित करके उन्हें अलग करती है। बहिष्कृत समूह वह हो सकता है जो बहिष्कृत समूह के मानदण्डो को स्वीकार नहीं करता था और ऐतिहासिक दृष्टि से विदेशियों, खानाबदोश जनजातियों कानून तोड़ने वालों और अपराधियो और एक संक्रामक बीमारी से पीड़ित लोगों के मानदण्डों को स्वीकार नहीं करता था। यह एक ऐसा समूह भी हो सकता है, जो एक निश्चित समूह द्वारा लागू सीमा शुल्क में बदलाव को स्वीकार नहीं करता। यह अपवर्जन कानून तोड़ने वालों को दण्डित करने का तरीका था और अजनबीयों और संक्रमित लोगों से सम्भोग के खिलाफ पारम्परिक समाजों की रक्षा करना था। बहिष्कृत समूह का एक सदस्य अछूत के रूप में जाना जाता है। **(बर्ज़र, 2013)**

अस्पृश्यता भारतीय जाति–प्रथा की देन है। इसे जाति–प्रथा का भयंकर अभिशाप कहा जाता है। महात्मा गांधी ने इस सम्बन्ध में **'यंग इंडिया'** में कहा है कि "अस्पृश्यता को मैं हिंदू धर्म का सबसे बडा कलंक मानता हूँ।" यह अत्यन्त दुःखद बात है कि मानव में इतना बड़ा भेद भारत में पनपा। बात केवल यह नहीं कि अस्पृश्यों को छूने से ही व्यक्ति अपवित्र हो जाते हैं बल्कि ऐसे भी उदाहरण भारतीय समाज में देखने को मिलते है कि अस्पृश्यों को देखने या उसकी छाया से भी लोग अपवित्र हो जाते है। दुर्भाग्यवश मानव–मानव के बीच इस तरह भेद करने वाला यह शब्द भारत की गौरवमयी धरती पर उत्पन्न हुआ। **(पणिक्कर, 1956)**

अस्पृश्यता उस परंपरागत मनोभाव एवं व्यवहार प्रतिमान का घोतक है, जिसके अनुसार पंचम वर्ण के सदस्य अछूत छूने योग्य नहीं है। इसलिये उनसे सामाजिक दूरी बनाए रखना न केवल उच्च जातियों का कार्य है बल्कि अस्पृश्य जातियों का भी कर्त्तव्य है कि वे उच्च जातियों के सदस्यों से दूर रहें एवं उन्हें नहीं छुए। अस्पृश्यता नाम से ही स्पष्ट होता है कि यह छुआछूत की भावना भेदभाव पर आधारित है। यह भेदभाव लोगों के व्यवहारों में प्रकट होता है। यह सामाजिक असमानता का वह नग्न दृश्य है, जिसके आधार पर मानव, मानव से केवल स्पर्श मात्र से भ्रष्ट तथा अपवित्र हो जाता है। लोग समीप आने एवं देखने मात्र से अपवित्र हो जाते हैं। अस्पृश्यता जाति–प्रथा के परिणामस्वरूप विकसित वह व्यवस्था है जिसमें मनुष्य–मनुष्य के बीच इतना अधिक अंतर किया जाता है कि स्पर्श मात्र से ही उच्च जातियों के व्यक्ति अपवित्र हो जाते हैं। **(गांधी, 1941)**

अपवित्रता से बचने के लिये अस्पृश्य व्यक्तियों को उच्च जातियों से पृथक् रहने की व्यवस्था की गई है तथा अनेक प्रकार की निर्योग्यताएं निर्धारित की गई हैं। इसके कारण अस्पृश्यों का जीवन नर्कमय हो जाता है। उनसे जीवन की समस्त सुख एवं समृद्धि छीन ली जाती है। इस तरह से उनकी सामाजिक हत्या कर दी जाती है। जीवित रहते हुये भी मृतक के समान जीवन व्यतीत करते हैं। अछूतों के साथ उठने–बैठने, खाने–पीने या सामाजिक सम्बन्धों को बनाने का प्रश्न ही नहीं उठता है। अस्पृश्यता के अंतर्गत केवल अछूत जातियों के प्रति उच्च जातियों के मनोभाव एवं व्यवहार प्रतिमान ही शामिल नहीं है बल्कि उच्च जातियों के प्रति अछूत जातियों के मनोभाव व व्यवहार प्रतिमान भी शामिल हैं। अस्पृश्यता एवं अछूतपन के सम्बन्ध में डॉ० भीमराव अम्बेडकर ने कहा है, "हिन्दुओं का अछूतापन एक ऐसी अनहोनी घटना है जिसका अनुभव मानव समूह ने संसार के किसी अन्य भाग में नहीं किया है। **(अम्बेडकर, 1998)**

कुछ जातियां ऐसी होती हैं जो विभिन्न सामाजिक तथा राजनीतिक अधिकारों से वंचित रहती हैं। इनका स्पर्श भी उच्च जातियों के सदस्यों को अपवित्र बना सकता है। ऐसी ही जातियों के सदस्य भी उच्च जातियों के सदस्यों को अस्पृश्य

कहा जा सकता है, यह क्रिया अस्पृश्यता कहलाती है। **(मजूमदार, 1958)**

विधिवेत्ता डॉ० कैलाशनाथ काटजू ने अस्पृश्यता के लिये 1956 में विधेयक बनाया था, उसके अनुसार, "किसी भी व्यक्ति को अस्पृश्यता के आधार पर (क) समान धर्म के मानने वाले अन्य व्यक्तियों के लिऐ खुले सार्वजनिक पूजा के स्थान में प्रवेश से, (ख) सार्वजनिक पूजा के स्थान पर उसी रूप में पूजा करने से, या प्रार्थना करने से किसी भी तरह का धार्मिक सेवा–कर्म करने से या किसी पवित्र जलाश्य, कूप, झरने या जल स्त्रोत का जिस रूप में समान धर्म के अनुयायियों को अनुमति है, प्रयोग करने से है और (ग) दुकान, होटल, सार्वजनिक जलपान गृह, सार्वजनिक मनोरंजन स्थल या सार्वजनिक आवागमन के साधन, औषद्यालय, शैक्षणिक संस्था या दातत्वय ट्रस्ट में पहुंचने या प्रयोग करने से रोकना अपराध है। **(सिंह, 1994)**

2. अध्ययन समस्या का तर्कः–

सुरिन्दर, एस० जोधका और घनश्याम, शाह (2010) ने अपने अध्ययन "असमानता का तुलनात्मक अध्ययन : असमानता और जाति दक्षिण एशिया में" चार देशों "बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका" में दलितों की स्थिति, सामाजिक असमानता की विशिष्ट समस्याओं (धर्म व परम्परा) और दलित समूहों के वंशानुक्रमों की समस्याओं का सर्वेक्षण विधि द्वारा तुलनात्मक अध्ययन किया तथा यह निष्कर्ष निकाला कि दलित अस्पृश्यता और उसके स्त्रोतों (धर्म व परम्परा) के कारण आर्थिक अभाव, सामाजिक बहिष्कार और अपमान का जीवन जीने को विवश है। दक्षिण एशिया "बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका" में दलितों की स्थिति बहुत निम्न बनी हुई है। दलितों को घृणा की दृष्टि से देखा जाता है तथा दलितों को अछूत माना जाता है और उन्हें धार्मिक स्थानों में प्रवेश करने से भी रोका जाता है, जिसके कारण दलित निम्न स्तर का जीवन जी रहे हैं। दलितों को पढ़ा–लिखा होने के बावजूद भी उन्हें अपनी इच्छानुसार व्यवसाय नहीं करने दिया जा रहा था। जिसका दलितों ने आंदोलन करके विरोध किया तथा संगठित होकर अपनी इच्छानुसार व्यवसाय करने प्रारम्भ कर दिये। जिससे दलितों ने अपनी असमानता और वंशानुक्रमों की समस्याओं को निम्न स्तर पर ला दिया है।

सुखदेव थोराट (2004) ने अपने अध्ययन "निजि क्षेत्र के लिए आरक्षण नीति" में आन्ध्र प्रदेश (वेंकेटशवरलू 1990), कर्नाटक (खान 1995), उड़ीसा (त्रिपाठी, 1994) व अन्य 10 राज्यों के अध्ययनों से एस०सी०, एस०टी० और ओ०बी०सी० का निजि क्षेत्र के सन्दर्भ में कृषि (भूमि), रोजगार, मजदूरी, पूँजी व अन्य आर्थिक क्षेत्र का सर्वेक्षण पद्धति द्वारा तुलनात्मक अध्ययन किया और पाया कि एस०सी०, एस०टी० और ओ०बी०सी० जैसे सीमांत समूहों के मध्य आर्थिक भेदभाव बहुत अधिक मात्रा में था। इन सीमांत समूहों के मध्य आरक्षण नीति को उचित पैमाने पर लागू किया जाना चाहिये तथा आरक्षण नीति में न केवल रोजगार बल्कि बाजार, कृषि (भूमि), पूँजी उपभोक्ता वस्तुओं, शिक्षा, आवास सरकारी ठेके आदि को इसके क्षेत्र में सम्मिलित किया जाना चाहिये।

ग्रामीण हिन्दू समाज में यह प्रश्न कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि उनका अध्ययन व विश्लेषण किया जाये। भारतीय हिन्दू समाज में भी राजनैतिक रूप से भी अस्पृश्यता की समस्या एक जटिल समस्या रही है। भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानन्द, डॉ० भीमराव अम्बेडकर ने अस्पृश्यता की समस्या को समाप्त करने के बहुत प्रयत्न किये परन्तु अस्पृश्य जातियों के मध्य अस्पृष्यता के प्रश्न पर उन्होंने कुछ न करना ही उचित समझा और ग्रमीण समाज की ओर तो अस्पृश्य जाति के मध्य अस्पृश्यता पर तो किसी विद्वान, लेखक व समाज सुधारक का ध्यान नहीं गया उन्होंने इन समस्या पर ध्यान भी देना उचित न समझा।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए अस्पृश्यता का विभिन्न परिप्रेक्ष्यों में अध्ययन हुये है एवं अनेकों शोध लेख प्रकाशित हुए है लेकिन अस्पृश्यता को लेकर किसी भी एक गाँव का अध्ययन अभी तक प्रकाश में नहीं आया है। अतः इस शोध में अस्पृश्यता का प्रभाव एक गाँव के व्यक्तियों पर जानने का प्रयास किया गया है। इस शोध कार्य में एक गाँव में अस्पृश्यता कें कारणों, अस्पृश्यता के प्रभावों व अस्पृश्यता की वर्तमान में प्रासंगिकता का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। समाज में अगर अस्पृश्यता का अध्ययन करना है तो हमें समाज की छोटी व महत्वपूर्ण इकाई गाँव पर अस्पृश्यता के कारणों व प्रभावों का अध्ययन करना आवश्यक है।

3. अध्ययन के उद्देश्यः–

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान अध्ययन में निम्नलिखित प्रश्नों को समझने का प्रयास किया गया है।

1) सूचनादाताओं की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2) परंपरागत ग्रामीण समाज में अस्पृश्यता के कारणों एवं स्वरूपों का अध्ययन करना।

4. चयनित साहित्य की समीक्षाः–

सुरिन्दर, एस० जोधका और घनश्याम, शाह (2010) ने अपने अध्ययन "असमानता का तुलनात्मक अध्ययन : असमानता और जाति दक्षिण एशिया में" चार देशों "बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका" में दलितों की स्थिति, सामाजिक असमानता की विशिष्ट समस्याओं (धर्म व परम्परा) और दलित समूहों के वंशानुक्रमों की समस्याओं का सर्वेक्षण विधि द्वारा तुलनात्मक अध्ययन किया तथा यह निष्कर्ष निकाला कि दलित अस्पृश्यता और उसके स्त्रोतों (धर्म व परम्परा) के कारण आर्थिक अभाव, सामाजिक बहिष्कार और अपमान का जीवन जीने को विवश है। दक्षिण एशिया (बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) में दलितों की स्थिति बहुत निम्न बनी हुई है। दलितों को घृणा की दृष्टि से देखा जाता है तथा दलितों को अछूत माना जाता है और उन्हें धार्मिक स्थानों में प्रवेश करने से भी रोका जाता है, जिसके कारण दलित निम्न स्तर का जीवन जी रहे हैं। दलितों को पढ़ा–लिखा होने के बावजूद भी उन्हें अपनी इच्छानुसार व्यवसाय नहीं करने दिया जा रहा था। जिसका दलितों ने आंदोलन करके विरोध किया तथा संगठित होकर अपनी इच्छानुसार व्यवसाय करने प्रारम्भ कर दिये। जिससे दलितों ने अपनी असमानता और वंशानुक्रमों की समस्याओं को निम्न स्तर पर ला दिया है।

सुखदेव थोराट (2004) ने अपने अध्ययन (निजि क्षेत्र के लिए आरक्षण नीति) में आन्ध्र प्रदेश (वेंकेटशवरलू 1990), कर्नाटक (खान 1995), उड़ीसा (त्रिपाठी 1994) व अन्य 10 राज्यों के अध्ययनों से एस०सी०, एस०टी० और ओ०बी०सी० का निजि क्षेत्र के सन्दर्भ में कृषि (भूमि), रोजगार, मजदूरी, पूँजी व अन्य आर्थिक क्षेत्र का सर्वेक्षण पद्धति द्वारा तुलनात्मक अध्ययन किया और पाया कि एस०सी०, एस०टी० और ओ०बी०सी० जैसे सीमांत समूहों के मध्य आर्थिक भेदभाव बहुत अधिक मात्रा में था। इन सीमांत समूहों के मध्य आरक्षण नीति को उचित पैमाने पर लागू किया जाना चाहिये तथा आरक्षण नीति में न केवल रोजगार बल्कि बाजार, कृषि (भूमि), पूँजी उपभोक्ता वस्तुओं, शिक्षा, आवास, सरकारी ठेके आदि को इसके क्षेत्र में सम्मिलित किया जाना चाहिये।

ए०एम० शाह (2007) ने अपने अध्ययन (शुद्धता, अशुद्धता, अस्पृश्यता तब और अब) में आधुनिक समय में शुद्धता, अशुद्धता व अस्पृश्यता का अछूत जातियों के बीच

विभाजन और पदानुक्रम का अध्ययन ऐतिहासिक पुर्नावलोकन व अवलोकन विधि द्वारा अस्पृश्य कही जाने वाली जातियों के अन्तर्गत किया और पाया की शुद्धता, अशुद्धता और अस्पृश्यता की कसौटी पर रखी जाने वाली नीची जातियों में उद्धर्वाधर परिवर्तन हुआ है तथा इस परिवर्तन को गति प्रदान करने वाले कारक औद्योगिकरण, शहरीकरण, पश्चिमीकरण, लौकोकीकरण, तार्किकता, मानवीयकरण है, जिनसे निम्न जातियों व उच्च जातियों के मध्य समानता की भावना पनपी है।

सुरिन्दर, एस० जोधका (2002) ने अपने अध्ययन (पंजाब में अस्पृश्यता) में पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में हुई हरित क्रांति की सरलता से जातीय सम्बन्ध और अस्पृश्यता में होने वाले परिवर्तन को दर्शाया जिसमें विशेषकर कृषि क्षेत्र में 'हदबंदी', 'दूरी' और 'स्वायत्ता' के सम्बन्धों को सर्वेक्षण विधि द्वारा प्रदर्शित किया गया है, जिसमें पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पृश्य जातियों की संरचना में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। अब अस्पृश्य जाति राजनैतिक क्षेत्रों में भी भागीदारी लेने लगी है, जिससे वे और अधिक सक्षम हो रही है। हरित क्रान्ति से अस्पृश्य जातियों को सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक स्वायत्ता प्राप्त हुई है, जोकि जातीय संस्था और अस्पृश्यता के अन्तर्गत 'हदबंदी', 'दूरी' और 'स्वायत्ता' के उन्मूलन के लिए पर्याप्त है।

नटवरलाल वर्मा (2012) प्रस्तुत लेख में श्री नटवरलाल शर्मा ने दलित समाज में व्यवसाय में आए परिवर्तन और उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की है, अध्ययन में उन्होंने कुल 200 उत्तरदाताओं का चयन किया और उसके आधार पर निष्कर्ष निकाला। अपने निष्कर्षों में वे कहते हैं कि दलित जाति में 62.50ः व्यावसायिक परिवर्तन आये हैं। लेकिन अभी तक गाँवों में भेदभाव मौजूद है, और अपने वर्तमान लेख में उन्होंने वर्णन किया है कि अनुसूचित जाति, चमार लोगों के बीच आंतरिक अस्पृश्यता है। मृत पशुओं की खाल निकालने के व्यवसाय में शामिल जातियाँ हैं और बुनकर जाति इस व्यवसाय में शामिल नहीं है, इस प्रकार दोनों जातियाँ व्यवसाय और सामाजिक स्तर के अनुसार अलग–अलग होती हैं, बुनकर चमार से ऊँचा होने के कारण दोनों जातियों का सामाजिक व्यवहार भिन्न होता है और यह तय करते हुए कि अलग जाति समूह है, इन सभी आधारों पर चमार और बुनकर समुदायों के विभिन्न निवास दिखाई देते हैं, इस लेख में नटवरलाल वर्मा अनुसूचित जाति के बीच समतलीकरण के संबंध में चर्चा करते हैं।

स्टीव टेलर (2014) ने अपने अध्ययन "एक पंजाब दलित डायस्पीरा के बीच धार्मिक रूपांतरण और दलित दावाष में यू०के० के वाल्वरहेम्पटन के सिक्ख समुदाय में उस सीमा का आकलन किया है, जिस पर यह प्रक्रिया एक साथ दलित आकलन और जाति आधारित उत्पीड़न को प्रतिरोध में से एक हैं, जिससे समकालीन पंजाबी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में सामाजिक परिवर्तन को अधिक सुविधाजनक मानते है।

मार्क गालांटर (1969) ने अपने अध्ययन "अस्पृश्यता और कानून" में अस्पृश्यता सम्बन्धित कानून और जाति व्यवहार के बीच सम्बन्ध की समीक्षा ऐतिहासिक पुर्नावलोकन व सर्वेक्षण विधि द्वारा की और पाया कि स्पृश्यता कानून जाति व्यवहार में सरकारी हस्तक्षेप के लिए निमयों का एक सेट है जो अस्पृश्यता, समानता–असमानता व जातीय विवादों को सुलझाने का एक पैटर्न बनाता है।

आरडी लैम्बर्ट (1958) ने अपने अध्ययन "अस्पृश्यता एक सामाजिक समस्या के रूप में रू सिद्धान्त एवं अनुसंधान" में सामाजिक त्पं के सन्दर्म मं एक सामाजिक समस्या के रूप में अस्पृश्यता की "कुछ विशेषताएँ और समाजशास्त्रिों द्वारा कुछ दिए गए दिशा निर्देशों को इंगित सर्वेक्षण विधि द्वारा जामीण एवं नगरीय क्षेत्र में तुलनात्मक अध्ययन किया और पाया कि सामाजिक समस्याएं, सामाजिक प्रथाओं और शर्तों का एक समूह है जो समाज के एक प्रमुख क्षेत्र के लक्षण है जो अधिकारिक मानदंडों का उल्लंघन करती है और जिसका उन्मूलन कियां जाना चाहिए।

पार्थ नाथ गुखर्जी (2012) ने अपने अध्ययन "सामाजिक गतिशीलता और संरचना रू एक वैचारिक–पद्धतिपरक पुनरावृत्ति की और" में भारतीय गतिशीलता के संदर्भ में सामाजिक गतिशीलता के विभिन्न दृष्टिकोण का बड़े पैमाने पर ऐतिहासिक पुर्वविलोकन व अवलोकन विधि द्वारा अध्यंयन किया तथा पाया कि यह जानना हिस्सों मे भी महत्वपूर्ण है कि कैसे अनुचित सेवा वितरण, देश के कई हिस्सों मे की व्यक्तियों की गतिशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

5. <u>निष्कर्ष</u>ः– 5.1 उत्तरदाताओं की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि–

आयु–

तालिका–1: आयु के आधार पर उत्तरदाताओं का विवरण

क्र०सं०	आयु वर्ग	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	21–30 वर्ष	23	11.50
2.	31–40 वर्ष	51	25.50
3.	41–50 वर्ष	83	41.50
4.	51–60 वर्ष	27	13.50
5.	60 वर्ष से अधिक	16	08.00
कुल योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 41.50 प्रतिशत उत्तरदाता 41–50 आयु वर्ग से हैं व न्यूनतम 08.00 प्रतिशत उत्तरदाता 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से हैं। इससे प्रतीत होता है कि अधिकतम उत्तरदाता मध्यम आयु वर्ग से हैं।

वैवाहिक स्थिति–

तालिका–2: वैवाहिक स्थिति के आधार पर उत्तरदाताओं का विवरण

क्र०सं०	वैवाहिक स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	विवाहित	158	79.00
2.	अविवाहित	23	11.50
3.	विधवा / विधुर	19	09.50
कुल योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 79 प्रतिशत उत्तरदाता विवाहित तथा न्यूनतम 9. 50 प्रतिशत उत्तरदाता विधवा/विधुर श्रेणी के हैं।

धर्म–

तालिका–3: धर्म के आधार पर उत्तरदाताओं का विवरण

क्र०सं०	वैवाहिक स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हिन्दू	176	88.00
2.	मुस्लिम	20	10.00
3.	सिक्ख	04	02.00
4.	अन्य	00	0.00
कुल योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 88 प्रतिशत उत्तरदाता हिन्दू धर्म के अनुयायी हैं तथा न्यूनतम उत्तरदाता 02.00 प्रतिशत सिख धर्म के अनुयायी हैं।

जाति–

तालिका–4: जाति के आधार पर उत्तरदाताओं का विवरण

क्र०सं०	जति	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	अनुसूचित	125	62.50
2.	पिछड़ी	58	29.00
3.	उच्च (सामान्य)	17	8.50
कुल योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 62.50 प्रतिशत उत्तरदाता अनुसूचित जाति से हैं तथा 8.50 प्रतिशत उत्तरदाता उच्च (सामान्य) जाति से हैं।

शिक्षा–

तालिका–5: शिक्षा के आधार पर उत्तरदाताओं का विवरण

क्र०सं०	शिक्षा	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	निरक्षर (अशिक्षित)	05	02.50
2.	प्राईमरी	11	05.50
3.	जूनियर हाईस्कूल	22	11.00
4.	हाईस्कूल	44	22.00
5.	इण्टरमीडिएट	100	50.00
6.	स्नातक व अधिक	18	09.00
कुल योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 50.00 प्रतिशत उत्तरदाता इण्टरमीडिएट स्तर तक शिक्षित हैं तथा न्यूनतम 02.50 प्रतिशत उत्तरदाता निरक्षर (अशिक्षित) हैं।

आय (प्रति माह)–

तालिका–6: आय के आधार पर उत्तरदाताओं का विवरण

क्र०सं०	आय (प्रति माह)	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	0 – 5000	38	19.00
2.	5001 – 10000	28	14.00
3.	10001 – 15000	89	44.50
4.	15000 से अधिक	45	22.25
कुल योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 44.50 प्रतिशत उत्तरदाता 10001–15000 रू० मासिक आय वर्ग के हैं तथा न्यूनतम 14 प्रतिशत उत्तरदाता 5001–10000 रू० मासिक आय वर्ग के हैं।

सामाजिक सहभागिता–

तालिका–7: सामाजिक सहभागिता के आधार पर उत्तरदाताओं का विवरण

क्र०सं०	सामाजिक सहभागिता	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	किसी संस्था में नहीं	138	69.00
2.	एक संस्था में	24	12.00
3.	दो संस्थाओं में	11	05.50
4.	दो से अधिक संस्थाओं में	27	13.50
कुल योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 69.00 प्रतिशत उत्तरदाता किसी भी संस्था में सामाजिक सहभागिता नहीं करते हैं तथा न्यूनतम 05.50 प्रतिशत उत्तरदाता दो संस्थाओं में सामाजिक सहभागिता करते हैं।

6. ग्रामीण समाज में अस्पृश्यता के कारण एवं स्वरूपः–

शोध अध्ययन के द्वितीय उद्देश्य के अन्तर्गत निम्न तालिकाओं में ग्रामीण समाज में अस्पृश्यता के कारणों एवं स्वरूपों से सम्बन्धित आंकड़ों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण किया गया है। अस्पृश्यता के कारणों एवं स्वरूपों में जाति, धर्म, शिक्षा, व्यवसाय आदि चरों पर आंकड़े एकत्रित किये गये हैं।

6.1 कारण–

तालिका–8: अस्पृश्यता के कारण के आधार पर सूचनादाताओं का विवरण

क्र०सं०	कारण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	जति	120	60.00
2.	शिक्षा	48	24.00
3.	व्यवसाय	28	14.00
4.	अन्य	04	02.00
योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 60.00 प्रतिशत जाति को अस्पृश्यता का कारण मानते हैं तथा न्यूनतम 02.00 प्रतिशत अन्य को अस्पृश्यता का कारण मानते हैं।

6.2 भोजन सम्बन्धी निषेध–

तालिका–9: अस्पृश्यता के कारण भोजन सम्बन्धी निषेधों के आधार पर सूचनादाताओं का विवरण

क्र०सं०	भोजन सम्बन्धी निषेध	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	पूर्ण रूप से	0	00.00
2.	आंशिक रूप से	64	32.00
3.	बिल्कुल नहीं	136	68.00
योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 68.00 प्रतिशत भोजन सम्बन्धी निषेधों को बिल्कुल नहीं मानते हैं तथा न्यूनतम 32.00 प्रतिशत आंशिक रूप से भोजन सम्बन्धी निषेधों को मानते हैं।

6.3 जातिगत व्यवसाय करना–

तालिका–10: जातिगत व्यवसाय को करने की इच्छा के आधार पर सूचनादाताओं का विवरण

क्र०सं०	जातिगत व्यवसाय करने की इच्छा	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	04	02.00
2.	नहीं	180	90.00
3.	पता नहीं	16	08.00
योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 90.00 प्रतिशत सूचनादाताओं का मानना है कि जातिगत व्यवसाय नहीं करना चाहिये तथा न्यूनतम 02.00 प्रतिशत सूचनादाताओं को इस बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है।

6.4 प्रभाव–

तालिका–11: जाति प्रथा के कारण अस्पृश्यता में बढ़ोतरी के आधार पर सूचनादाताअें का विवरण

क्र०सं०	प्रभाव	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	156	78.00
2.	नहीं	28	14.00
3.	पता नहीं	16	08.00
योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 78.00 प्रतिशत सूचनादाताओं ने बताया है कि जाति प्रथा के कारण अस्पृश्यता को बढ़ावा मिलता है तथा न्यूनतम 08.00 प्रतिशत सूचनादाताओं को इस बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है।

6.5 धार्मिक निषेध–

तालिका–12: धार्मिक स्थानों पर प्रवेश निषेध के आधार पर सूचनादाताअें का विवरण

क्र०सं०	धार्मिक निषेध	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	34	17.00
2.	नहीं	166	83.00
योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 83.00 प्रतिशत सूचनादाताओं को धार्मिक स्थानों पर जाने से नहीं रोका जाता है तथा न्यूनतम 08.00 प्रतिशत सूचनादाताओं को धार्मिक स्थानों पर जाने से रोका जाता है।

6.6 अस्पृश्यता–

तालिका–13: ग्रामीण समाज में निम्न एवं उच्च जातियों के मध्य अस्पृश्यता पाए जाने के आधार पर सूचनादाताओं का विवरण

क्र०सं०	अस्पृश्यता	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	162	81.00
2.	नहीं	38	19.00
योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 81.00 प्रतिशत सूचनादाताओं ने बताया है कि निम्न और उच्च जातियों में अस्पृश्यता पायी जाती है तथा न्यूनतम 19.00 प्रतिशत सूचनादाताओं ने बताया है कि निम्न और उच्च जातियों में अस्पृश्यता नहीं पायी जाती है।

6.7 जातियां–

तालिका–14: अस्पृश्यता को मानने वाली जातियों के आधार पर सूचनादाताओं का विवरण

क्र०सं०	जातियां	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	सामान्य जाति	152	76.00
2.	पिछड़ी जाति	44	22.00
3.	अनुसूचित जाति	04	02.00
योग		**200**	**100**

स्रोतः आंकड़े शोधार्थी द्वारा स्वयं जनवरी–2020 से दिसम्बर 2020 तक एकत्रित किये गये हैं।

इस प्रकार आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि अधिकतम 76.00 प्रतिशत सूचनादाताओं ने बताया है कि अस्पृश्यता को सामान्य जाति अधिक मानती है तथा न्यूनतम 02.00 प्रतिशत सूचनादाताओं ने बताया है कि अस्पृश्यता को अनुसूचित जाति अधिक मानती है।

7. अध्ययन की सीमाएँः–

यह अध्ययन केवल जिला मेरठ के ब्लाक रजपुरा के अंतर्गत आने वाले 2 गांव हसनपुर कदीम व किन्नानगर का अध्ययन करता है, ब्लाक रजपुरा में ऐसे 50 आबाद गांव है। इस अध्ययन पद्धति में केवल गुणात्मक आंकड़े 200 उत्तरदाताओं से ही एकत्रित किए गए हैं। इस परिप्रेक्ष्य से इस अध्ययन के निष्कर्ष केवल स्थानीय सामान्यीकरण ही प्रस्तुत करते हैं। वृहत सार्वभौमिक निष्कर्ष नहीं। यह अध्ययन 200 उत्तरदाताओं के द्वारा उनकी भूमिका से सम्बन्धित एकत्रित तथ्यों पर आधारित है।

8. अध्ययन क्षेत्रः–

शोधार्थी ने प्रस्तुत अध्ययन के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला मेरठ के ब्लॉक रजपुरा के अन्तर्गत आने वाले 50 आबाद गाँवों में से केवल दो गाँवों हसनपुर कदीम व किन्नानगर का चयन उद्देश्य पूर्ण निदर्शन विधि द्वारा किया गया है।

9. निदर्शन एवं सूचनादाताः– उददेश्यपूर्ण निदर्शन से अध्ययन के लिए ब्लॉक रजपुरा के दो गाँवों हसनपुर कदीम त्व्द का चयन किया गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार गाँव हसनपुर कदीम की कुल जनसंख्या 4791 है, जिसमें से पुरूष 2526 व महिलाएँ 2265 है। गाँव की कुल साक्षरता दर 61.8 प्रतिशत है, जिसमें पुरूष साक्षरता दर 76.8 प्रतिशत व महिला साक्षरता दर 24.7 प्रतिशत है। 2011 की जनगणना के अनुसार गाँव किन्नानगर की कुल जनसंख्या 7783 हैं, जिसमें से पुरूष 4118 व महिलाएँ 3665 हैं। गाँव की कुल साक्षरता दर 64.7 प्रतिशत है, जिसमें पुरूष साक्षरता दर 79.3 प्रतिशत व महिला साक्षरता दर 26.2 प्रतिशत है। दोनों गाँवों में से उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा 200 (प्रत्येक से 100) सूचनादाताओं का चयन किया गया है। ये वे सूचनादाता है जो ग्रामीण समाज में अस्पृश्यता के अध्ययन के लिए सूचनाएँ देते है।

10. आंकड़ों का संकलनः–

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में ब्लॉक रजपुरा के गाँव हसनपुर कदीम व गाँव किन्नानगर के 200 सूचनादाताओं को उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा चुना गया, जो अध्ययन के लिए सूचनाएँ देते है। अध्ययन इनके द्वारा दी गयी सूचनाओं पर आधारित है। सूचना एकत्रित करने के लिए अवलोकन व साक्षात्कार अनुसूची प्रविधियों का प्रयोग किया गया है। शोध में प्राथमिक व द्वितीयक दोनों प्रकार की सामग्री का प्रयोग आंकड़े एकत्रित करने के लिए किया गया है। शोध के उद्देश्यों के लिए आंकड़ों को प्राथमिक सामग्री के द्वारा स्वयं एकत्रित किया गया जिसके लिए अवलोकन व साक्षात्कार–अनुसूची प्रविधियों का प्रयोग किया गया है।

11. आंकड़ों का विश्लेषणः–

आंकड़ों का विश्लेषण सांख्यिकी विधि द्वारा किया गया, आंकड़ों का सारणीयन भी किया गया है और आवश्यकतानुसार आंकड़ों के विश्लेषण में यांत्रिक सहायता ली गयी है।

12. अध्ययन का महत्वः– प्रस्तुत शोध से सम्बन्धित समाजशास्त्र में जो भी अध्ययन किये गये हैं, वे बहुत कम है परन्तु ग्रामीण समाज में अस्पृश्यता के सन्दर्भ में सूक्ष्म स्तर पर इसके प्रभाव का अध्ययन नहीं किया गया है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी ऐसा कोई प्रयत्न नहीं किया गया है। इस प्रकार प्रस्तुत शोध उत्तर प्रदेश व समस्त भारत के अन्य समाजशास्त्रियों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है क्योंकि इससे ग्रामीण समाज में पाये जाने वाली अस्पृश्यता एवं इसके बदलते प्रतिमानों को प्राप्त किया जा सकेगा। इस अध्ययन के द्वारा ग्रामीण समाज में अस्पृश्यता के कारण एवं प्रमाव के साथ–साथ अस्पृश्यता के उन्मूलन के मार्ग में अवरोध डालने वाले कारकों तथा अस्पृश्यता उन्मूलन में सहायक सिद्ध हो रहे कारकों पर भी प्रकाश डाला जा सकता है।

भारतीय समाज में अस्पृश्यता को लेकर आज तक जो भी अध्ययन किये गये है वो अध्ययन प्रदेश, जिला या ब्लॉक स्तर पर किये गये है लेकिन यह शोध दो गाँवों की जनसंख्या को लेकर किया जायेगा, जिससे कि अस्पृश्यता के द्वारा गाँव पर पड़ने वाले कारण एवं प्रभाव का अध्ययन किया जा सकें । यह शोध समाजशास्त्र में भी उन सभी अस्पृश्यों के लिए उपर्युक्त होगा जो वर्तमान में समाज में अपना जीवन–यापन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

International Journal of Advance and Applied Research
www.ijaar.co.in
ISSN – 2347-7075 Impact Factor – 7.328
Peer Reviewed Bi-Monthly
Vol.4 No.22 May-June 2023

"प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की स्वीकार्यताः एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण"

प्रोफेसर आलोक कुमार[1], सौरभ चौधरी[2]
[1]प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
[2]शोध छात्र, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Corresponding Author- प्रोफेसर आलोक कुमार
DOI- 10.5281/zenodo.8146305

सारांश

प्रस्तावना– भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहां की लगभग 2/3 आबादी कृषि पर आश्रित है। किसी भी कृषि प्रधान देश का किसान उस देश आरै समाज की रीढ़ होता है जहां सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था और राजनीति कृषि पर आधारित हो। आजादी से लेकर, वर्तमान सरकार से पहले रह चुकी सभी सरकारों द्वारा किसानों की समस्याओं को दूर करने तथा किसानों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में सकारात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से समय–समय पर विभिन्न योजनाऐं शुरू की गईं किन्तु किसानों को उन योजनाओं का आपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। अतः वर्तमान सरकार द्वारा किसानों की आय में बढ़ोतरी करने एवं उन्हें नकद सहायता प्रदान करने के लिये "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" शुरू की है। **निष्कर्ष–** अधिकतम 43.50 प्रतिशत उत्तरदाता 41–50 आयु वर्ग से है, 79 प्रतिशत उत्तरदाता विवाहित है, 78 प्रतिशत उत्तरदाता हिन्दू धर्म के अनुयायी हैं, 72.50 प्रतिशत उत्तरदाता पिछड़ी जाति से हैं, 50.50 प्रतिशत उत्तरदाता इण्टरमीडिएट स्तर तक शिक्षित हैं, 48 प्रतिशत उत्तरदाता 10001–15000 रू० मासिक आय वर्ग के है, अधिकतम 91 प्रतिशत उत्तरदाता किसान सम्मान निधि योजना को लाभदायक मानते हैं, 84.50 प्रतिशत उत्तरदाताओं के खाते में अभी तक की सभी किस्त आ चुकी हैं, 82.50 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजना का लाभ सभी छोटे या बड़े किसानों के लिए है, 86 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजना का लाभ पाने के लिए सभी किसान पात्र है, 86 प्रतिशत उत्तरदाताओं को योजना हेतु पात्रता मानदंडों की जानकारी है, 88 प्रतिशत उत्तरदाता बताते हैं कि योजना के लाभ हेतु गलत जानकारी प्रदान करने पर वित्तीय व कारावास दोनों प्रकार के दंड की व्यवस्था है।

कुंजी शब्दः किसान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि

1. प्रस्तावनाः–

भारत एक ऐसा देश है जहां खेती बहुत महत्वपूर्ण है। यहां के लगभग दो–तिहाई लोग अपनी नौकरी के लिए खेती पर निर्भर हैं। किसान देश और समाज की मजबूत रीढ़ की तरह हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्था और राजनीति में सब कुछ खेती पर निर्भर करता है। खेती से भारतीय अर्थव्यवस्था को भी बहुत मदद मिलती है। विभिन्न प्रकार के किसान हैं, जैसे छोटे और बड़े, साथ ही वे लोग जो खेतों पर काम करते हैं लेकिन उनके पास जमीन नहीं है। लेकिन दुख की बात है कि भले ही किसान सभी के लिए भोजन उपलब्ध कराते हैं, फिर भी उन्हें अक्सर खराब परिस्थितियों में रहना पड़ता है और उनके साथ उतना अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता जितना उन्हें किया जाना चाहिए। भारत में बहुत समय पहले लोगों ने सिंधु घाटी में खेती शुरू की थी। फिर, जब भारत पर अंग्रेजों का शासन था, तो किसानों को वास्तव में कठिन समय का सामना करना पड़ा। ब्रिटिश सरकार ने किसानों से अनेक प्रकार के कर वसूले, जिससे उनका जीवन और भी बदतर हो गया। भारत के आज़ाद होने के बाद भी सरकार ने किसानों की मदद करने की कोशिश की, लेकिन फिर भी उन्हें उतनी मदद नहीं मिल पाई, जितनी उन्हें ज़रूरत थी। पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह ने कहा था कि यदि भारत को सफल और समृद्ध बनना है तो उसे अपने खेतों और किसानों का ध्यान रखना होगा। किसान तभी खुश और सफल होंगे जब वे अधिक पैसा कमाएंगे। अधिक फसल पैदा करने के लिए, किसानों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करना महत्वपूर्ण है। इनमें से कुछ समस्याओं में सही समय पर पर्याप्त भोजन, बीज और पानी न मिलना, उनकी फसलों के लिए उचित मूल्य न मिलना और खेती में निवेश करने के लिए पर्याप्त धन न होना शामिल है। भारत में कई किसान अपनी खेती में मदद के लिए स्थानीय ऋणदाताओं से पैसा उधार लेने पर निर्भर हैं। ये ऋणदाता अक्सर बहुत अधिक ब्याज दरें वसूलते हैं, जिससे किसानों के लिए अपना बकाया पैसा चुकाना कठिन हो जाता है। इससे किसान कभी न ख़त्म होने वाले कर्ज़ के चक्र में फंस जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन भारत में कृषि को आधिकारिक तौर पर एक उद्योग के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। यदि इसे एक उद्योग के रूप में मान्यता दी जाती है, तो यह किसानों को बढ़ने और सफल होने में मदद कर सकता है। किसानों को अधिक पैसा कमाने और उन्हें कुछ वित्तीय सहायता देने के लिए सरकार ने ष्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनाष् नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है। **(पाण्डे, 2019)**

हमारा देश आज़ाद होने के बाद सरकार ने किसानों की मदद के लिए कई तरह की योजनाएँ शुरू की गईं। वे किसानों की समस्याओं का समाधान करना चाहते थे और उनके जीवन को बेहतर बनाना चाहते थे। लेकिन दुर्भाग्य से, ये योजनाएँ अच्छी तरह से काम नहीं कर पाईं और अपेक्षित सुधार नहीं ला पाईं। परिणामस्वरूप, किसानों के जीवन में कोई खास सुधार नहीं हुआ और उनकी आय में वृद्धि नहीं हुई, हालांकि सरकार ने उनकी मदद के लिए कई तरह की कोशिशें कीं। गरीब किसान परिवारों पर बहुत अधिक कर्ज है क्योंकि उन्हें अपनी फसलों की मदद के लिए खाद, बीज, उपकरण और श्रमिकों के लिए धन जैसी चीजों की आवश्यकता होती है। उन्हें और अधिक पैसा कमाने की भी ज़रूरत है ताकि वे अपना कर्ज़ चुका सकें। सरकार ने किसानों की मदद के लिए कुछ कार्यक्रम शुरू किए हैं, जैसे एक कार्यक्रम जो उन्हें उनकी फसलों के लिए बीमा देता है, कार्यक्रम जो उन्हें उनकी मिट्टी की जाँच करके यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि वह स्वस्थ है, और कार्यक्रम जो सूखे के दौरान पानी उपलब्ध कराने में मदद करता है। ये

कार्यक्रम अभी भी हो रहे हैं। अतः हाल ही में किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाने एवं उन्हें अपनी फसल उगाने के लिए आर्थिक सहायता देने हेतु "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" को क्रियान्वित किया गया है। **(सिरोही, 2018)**

किसानों के लिए यह नई योजना पहले की अन्य योजनाओं से अलग है। इसका उद्देश्य उन किसानों की मदद करना है जिन पर बहुत अधिक कर्ज है और उनकी आय दोगुनी करना है। यह वास्तव में हमारे देश के छोटे और गरीब किसानों के लिए मददगार होगा। सरकार किसानों की मदद करना चाहती है और उनके जीवन को बेहतर बनाना चाहती है। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि किसान जरूरत पड़ने पर अपनी फसलों के लिए खाद और पानी जैसी चीजें खरीद सकें। इस योजना से हमारे देश के 12 करोड़ से अधिक छोटे और मध्यम किसानों को लाभ होगा। भारत में किसानों को उच्च ब्याज दर वसूलने वाले ऋणदाताओं से पैसा उधार नहीं लेना चाहिए। किसानों की समस्या सिर्फ कर्ज को लेकर नहीं है। ऐसे और भी कई कारण हैं जिनकी वजह से किसान आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे हैं। मुद्दा सिर्फ पैसे का नहीं है, बल्कि राजनीति और नीतियों का भी है, जिन्हें किसानों की मदद के लिए बदलने की जरूरत है। किसानों के लिए सबसे अच्छा समाधान यह है कि वे अपनी खेती के काम से अच्छी आजीविका कमा सकें। ऐसा तभी हो सकता है जब उन्हें अपनी फसलों के लिए मिलने वाली कीमत उन्हें उगाने की लागत से अधिक हो। यदि किसान अच्छी आय अर्जित कर सकें, तो उन्हें पैसा उधार नहीं लेना पड़ेगा और उनका जीवन बेहतर हो सकता है। इसलिए, उन्हें खेती को एक ऐसा व्यवसाय नहीं समझना चाहिए जो पैसा नहीं कमाता। ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना'' एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है जो देशभर के किसानों की मदद करती है। इस योजना से पहले किसानों को पैसों की मदद के लिए अलग–अलग राज्यों में अन्य योजनाएं भी चल रही हैं. तेलंगाना में रायथु बंधु योजना है और ओडिशा में कालिया योजना है। **(थीगालिसन, 2020)**

सरकार ने किसानों को अधिक सफल बनाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए एक नई योजना शुरू की है। इसे ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना'' कहा जाता है और इसे हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिसंबर, 2018 में शुरू किया गया था। पहले, यह केवल छोटे किसानों के लिए थी, लेकिन अब सभी किसान इसका लाभ उठा सकते हैं। यह अध्ययन इस बात पर गौर करेगा कि यह योजना किसानों की कैसे मदद कर रही है और यह उनके जीवन को कैसे बेहतर बना सकती है।

2. अध्ययन समस्या का तर्कः–

हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए कृषि वास्तव में महत्वपूर्ण है। भारत अपनी कृषि के लिए जाना जाता है। भारत में बहुत से लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं और खेती ही उनका पैसा कमाने का मुख्य जरिया है। इन किसानों की मदद के लिए सरकार ने ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना'' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य छोटे किसानों को सहायता देना है। उन्हें खेती की लागत में मदद करने के लिए धन मिलेगा ताकि वे बेहतर फसलें उगा सकें। हर साल, 2 एकड़ तक जमीन वाले किसान परिवारों को सरकार से 6,000 रुपये मिलेंगे। भारत सरकार छोटे और सीमांत किसानों को उनके बैंक खाते में पैसा देगी। उन्हें तीन हिस्सों में पैसा मिलेगा, हर हिस्सा 2,000 रुपये का होगा. यह योजना 1 दिसंबर 2018 को शुरू हुई और पैसे का पहला हिस्सा 31 मार्च 2019 तक दिया गया। इस योजना से करीब 12 करोड़ किसानों को फायदा होगा। इस योजना पर सरकार हर साल 75,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

किसान सम्मान निधि योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक कार्यक्रम है। यह तेलंगाना में श्रायथु बंधुश नामक कार्यक्रम के समान है। ''रायथु बंधु'' कार्यक्रम किसानों को उनकी खेती की लागत में मदद करने के लिए पैसे देता है। तेलंगाना में सरकार किसानों को प्रति वर्ष 8,000 रुपये देती है, चाहे उनके पास कितनी भी जमीन हो। यह पैसा उनकी ज़मीन पर उगने वाली प्रत्येक फसल के लिए दिया जाता है। इस साल, तेलंगाना सरकार ने राशि बढ़ाकर 5,000 रुपये प्रति एकड़ कर दी। केन्द्र सरकार ने रायतु बंधु एवं ओड़िसा की कालिया योजना का अध्ययन करने के बाद इसी मॉडल पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की।

3. अध्ययन के उद्देश्यः–

अध्ययन से सम्बन्धित तर्कों को ध्यान में रखते हुये प्रधानमंत्री "किसान सम्मान निधि योजना" का अध्ययन करने के लिये निम्नलिखित उद्देश्यों को लिया गया है–

1. उत्तरदाताओं की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की स्वीकार्यता का अध्ययन करना।

4. चयनित साहित्य की समीक्षाः–

पाण्डे गिरीश चन्द्र (2019) ने अपने लेख 'भारतीय कृषि और किसान' में बताया है कि सरकार ने छोटे किसानों के लिए आय सहायता योजना की घोषणा की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 1 दिसम्बर, 2018 से लागू की गयी है। इस योजना के तहत 2 हेक्टेयर यानी 5 एकड़ तक की कृषि भूमि के स्वामी को वार्षिक 6000 रू० तीन समान किश्तों में सीधे किसानों के खाते में दिया जायेगा। इस प्रकार यह योजना इसलिये विशेष है, क्योंकि अन्य कल्याणकारी योजनाओं में अफसरशाही की निर्णायक भूमिका होने के कारण लाभार्थियों को समुचित लाभ नहीं मिल पाता था।

टी थीगालिसन (2020) ने अपने अध्ययन "भारत में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पर अध्ययन" में योजना के उद्देश्यों के औचित्य की खोज वर्णनात्मक अध्ययन द्वारा द्वितीयक सामग्री के आधार पर किया है और पाया है कि यह योजना भारतीय कमजोर वर्ग के किसानों को सहारा देती है तथा किसान समुदायों के बीच मजबूत आर्थिक विकास का काम करता है। यह योजना आर्थिक मंदी के संकट से निपटने, गिरती हुई खपत की मांग, किसानों की आत्महत्या को रोकने में सहायक सिद्ध हुई है।

रेशमी सेनगुप्ता और देबासीस रूज (2022) रोहतास एक उपजाऊ जिला है, जबकि नवादा सूखा–प्रवण है। चूंकि ये दो जिले अलग–अलग जलवायु संबंधी झटकों के संपर्क में हैं, इसलिए उनका चयन करने से हमें नमूने में विविधता मिली, ताकि हम पीएम–किसान के बारे में किसानों की जागरूकता और किस हद तक वे इससे लाभान्वित हो सकते हैं। इसके अलावा, हमने प्रत्येक जिले से दो ब्लॉकों का चयन किया। नवादा से, हमने नवादा ग्रामीण ब्लॉक और अकबरपुर ब्लॉक को चुना। ये जिला कस्बे के पास सूखाग्रस्त क्षेत्र हैं। रोहतास से, हमने सासाराम ग्रामीण ब्लॉक और शिवसागर ब्लॉक को चुना, जो मुख्य रूप से जिला शहर के पास सिंचित क्षेत्र हैं। प्रत्येक ब्लॉक से, ब्लॉक कर्मचारियों और स्थानीय एनजीओ के साथ विचार–विमर्श के आधार पर पांच गांवों का चयन किया। आमने–सामने साक्षात्कार के लिए प्रत्येक गांव से औसतन 20 परिवारों को चुना जिसने 400 घरों के नमूने को जोड़ा। यह नकद हस्तांतरण कार्यक्रम, जैसे कि हाल ही में लॉन्च किया गया पीएम–किसान, आय समर्थन प्रदान करके और परिवारों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी परिणामों को प्रभावित करके किसानों की रक्षा कर सकता है। हमारे सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकांश परिवार नीति से अवगत थे। हालाँकि, सर्वेक्षण

के केवल दो–तिहाई उत्तरदाताओं ने इसका लाभ उठाया। इसके अलावा, जो लोग कार्यक्रम से लाभान्वित हुए उन्होंने उच्च खाद्य सुरक्षा का प्रदर्शन किया और बेहतर स्वास्थ्य चाहने वाले व्यवहारों का अभ्यास किया। इसलिए, यह स्पष्ट है कि पीएम–किसान किसानों को आय सुरक्षा प्रदान करके उनकी मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, क्षेत्र की बातचीत के दौरान किसानों के साथ हमारी बातचीत से पता चला कि किसानों को अभी भी इच्छित लाभ नहीं मिल रहे हैं क्योंकि वे या तो लाभों से अनजान हैं या लंबी नौकरशाही प्रक्रियाओं से दूर हैं – जो आवेदन दाखिल करने से लेकर लंबी और थकाऊ दावा प्रक्रिया तक हैं। जो अक्सर किसानों को सरकारी योजनाओं का उपयोग करने से हतोत्साहित करता है।

अमिता, सी०डी० और कार्तिकेयन, सी० (2022) पीएम किसान योजना किसानों की आय को दोगुना करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई कृषि निवेश सहायता योजना है जो उन्हें उच्च उपज देने वाले किस्म के बीजों और कृषि की उत्पादकता बढ़ाने वाली आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने में सक्षम बनाती है। वर्तमान अध्ययन में 60 किसानों के नमूने के साथ योजना के प्रति लाभार्थियों की राय का अध्ययन किया गया। योजना के प्रति राय का अध्ययन मापदंडों के तहत किया गया है। अध्ययन से पता चला कि केवल 26.6 प्रतिशत लाभार्थी पीएम किसान पोर्टल के बारे में जानते थे। केवल एक चौथाई उत्तरदाताओं ने सहमति व्यक्त की कि योजना के तहत प्रदान की गई वित्तीय सहायता पर्याप्त थी। दूसरी ओर शत प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत थे कि महामारी के दौरान वित्तीय सहायता से सहायता मिली।

तौफीक अहमद और रिफत हनीफ (2019) इस योजना से देश के लगभग 12 करोड़ किसानों को लाभ होगा। इस योजना के तहत 75,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। पीएम–किसान न केवल सबसे कमजोर किसान परिवारों को सुनिश्चित पूरक आय प्रदान करेगा बल्कि विशेष रूप से फसल के मौसम से पहले उनकी आकस्मिक जरूरतों को भी पूरा करेगा।

पवन कुमार और बी० किशोर बाबू (2018) अध्ययन का मुख्य उद्देश्य पीएम–किसान योजना के प्रति किसानों की जागरूकता का अध्ययन करना है। हम पाते हैं कि यह योजना लागू होने के तीन महीने के भीतर 30 प्रतिशत किसानों तक पहुंच गई है। परिणाम किसान की सामाजिक, आर्थिक और कृषि विशेषताओं के संदर्भ में चयन का कोई प्रमाण नहीं दिखाता है। इसलिए, पीएम–किसान योजना और इसके कार्यान्वयन के बारे में उठाई गई चिंताओं को उत्तर प्रदेश में अच्छी तरह से संबोधित किया गया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, 43 के माध्यम से सृजित बैंकिंग अवसंरचना और राज्य सरकार द्वारा किसान डेटाबेस की समय पर तैयारी ने पीएम–किसान के उचित कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालाँकि, यह अभी भी शुरुआती दौर है और पूर्ण रोलआउट के साथ राज्यों में अधिक मूल्यांकन की आवश्यकता है। आय समर्थन की उपयोगिता पर हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि किसानों के खर्च करने के पैटर्न योजना के उद्देश्यों के साथ अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं। परिणाम बताते हैं कि कृषि पीक सीजन में लाभ प्राप्त करने वाले 50 प्रतिशत से अधिक किसानों ने अपना पैसा कृषि क्षेत्र में खर्च किया है, और 60 प्रतिशत से अधिक किसान जिन्हें ऑफ सीजन में पैसा मिला है, उन्होंने उपभोग, शिक्षा और चिकित्सा उद्देश्यों पर पैसा खर्च किया है। इसके अलावा, परिणाम से पता चलता है कि कृषि क्षेत्र में किसानों के खर्च पैटर्न 13 को कृषि क्षेत्र पर किसानों की निर्भरता, खेत के आकार और ऋण सुविधाओं तक कम पहुंच के साथ सहसंबद्ध किया गया है।

श्रीमती सोनिका और ए०के० मित्तल (2020) इस पत्र में, हम भारतीय संदर्भ में योजना के मुख्य दृष्टिकोण, इसकी खूबियों, प्रक्रिया और कार्यान्वयन की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। साथ ही किसान सम्मान निधि से पहले शुरू की गई कई योजनाओं पर भी चर्चा करेंगे, क्या सही जरूरतों को पूरा करते हैं? भारतीय कृषि में उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निपटने में पर्याप्त सहायक है? परिणाम बताते हैं–भारत में कृषि कुल रोजगार का आधा हिस्सा है और आर्थिक सुधारों के बाद कृषि का विकास बहुत धीमा और रुक–रुक कर हुआ है। इतनी सारी योजनाओं के लागू होने के बाद अब तक इसकी चपेट में है। किसान सम्मान निधि योजना छोटे और सीमांत किसानों को लाभान्वित करने के लिए एक बहुत ही अभिनव और सीधा कदम है, लेकिन इसके उचित आवेदन के लिए योजना में कुछ सुधार की आवश्यकता है। केंद्र सरकार को किसानों को लाभान्वित करने के लिए पात्रता मानदंड को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है और किसानों के उचित भूमि रिकॉर्ड को अद्यतन करने के लिए राज्य सरकारों के साथ एकजुट होना चाहिए जो योजना का लाभ उठाने में मदद करेगा।

